
# राम राजा के दर आज जुटेगी प्रदेश बीजेपी

## दो दिनी कार्यसमिती की बैठक में आएंगे कई प्रस्ताव



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 29 अगस्त. राजा राम की नगरी ओरछा में रविवार से प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक होगी. इस बैठक के लिए होटल राजमहल/राज विलास में व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है. दो दिन चलने वाली बैठक में आधा दर्जन से अधिक प्रस्ताव पारित किए जाएंगे. बैठक में युवाओं और महिलाओं को लेकर अलग से प्रस्ताव किए जा सकते हैं.**

बैठक में 400 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे. बैठक में शामिल होने के लिए ज्यादातर पदाधिकारी ओरछा पहुंच गए हैं. यह बैठक सुबह 9 बजे से शुरू होगी, सबसे पहले प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन होगा. उसके बाद अलग- अलग सत्रों में अलग - अलग विषयों पर चर्चा होगी. चर्चा के बाद संबंधित विषयों पर प्रस्ताव पेश कर इसे पारित भी किया जाएगा. उसके बाद इस संबंध में जानकारी भी साझा की जाएगी. इधर, प्रदेश कार्यसमिति की बैठक से ठीक पहले नई दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की. समझा जा रहा है कि सीएम ने उन्हें प्रदेश कार्यसमिति से संबंधित एजेंडे के बारे में अवगत कराया.

वहीं कार्यसमिति की बैठक में पेश किए जाने वाले राजनीतिक सहित अन्य विषयों को लेकर भी परामर्श किया. इस बैठक में मिले निर्देशों के हिसाब से प्रस्तावों में बदलाव भी किया जा सकता है. एजेंडे में किन राष्ट्रीय विषयों को शामिल करना है और किसे नहीं, वहीं प्रदेश से जुड़े किन विषयों पर फोकस करना है, इस संबंध में भी परामर्श किया गया.

बताया जा रहा है कि प्रदेश कार्यसमिति बैठक के माध्यम से संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के साथ आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना को लेकर व्यापक मंथन किया जाएगा. बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, प्रशिक्षण, आगामी कार्यक्रमों एवं राजनीतिक रणनीति सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी.


### ये पदाधिकारी लेंगे हिस्सा

प्रदेश कार्यसमिति बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जामवाल, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय कार्यालय प्रभारी व सांसद तरुण चुघ , उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लालसिंह आर्य, राष्ट्रीय महासचिव व सांसद गजेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार, दुर्गादास उईके, सावित्री ठाकुर, राष्ट्रीय प्रकोष्ठ संयोजक व सांसद वीडी शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार, आदि नेता शामिल होंगे.

# मुख्यमंत्री दिल्ली से सीधे रीवा पहुंचे

## डॉ. यादव ने देर रात अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित चित्रकूट की स्थिति की समीक्षा की

- रविवार को चित्रकूट के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे
- सेना के हेलीकॉप्टर भी बचाव कार्य में लगे



**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 29 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को सतना जिले के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ और अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेंगे. इसके पहले डॉ. यादव शनिवार देर रात दिल्ली से सीधे रीवा पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चित्रकूट की स्थिति की समीक्षा की.**

चित्रकूट में विगत दिनों से हो रही लगातार अतिवृष्टि से मंदाकिनी नदी में बाढ़ आ गई है. प्रशासन और एसडीआरएफ टीम बचाव और राहत के काम में जुटी हैं. मंदाकिनी बाढ़ से रामघाट से हनुमान धारा पहुंच मार्ग का पुराना पुल भी क्षतिग्रस्त हुआ है. चित्रकूट में सेना के हेलीकॉप्टर भी बचाव कार्य में लगाए गए हैं. चित्रकूट में 6 आश्रय स्थलों पर जलभराव क्षेत्रों के प्रभावितों के रुकने, भोजन और चिकित्सा की व्यवस्था की गई है. मंदाकिनी नदी का जलस्तर तेजी से घट रहा है. रात्रि में नदी का जलस्तर 136 मीटर के करीब पहुंच गया. बाढ़ और जल भराव की स्थिति में सूचना सहायता के लिए कंट्रोल रूम 07672-223211 की व्यवस्था की गई है

# बैरसिया ब्लॉक में पशु कृत्रिम रेतन केंद्र बदहाल हालत में

- पशुपालकों को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ
- जिला पंचायत की बैठक में उठाया जाएगा मुद्दा

**बैरसिया. बैरसिया ब्लॉक में पशु पालन विभाग के लगभग 20 कृत्रिम रेतन केंद्र संचालित है. अधिकांश केंद्रों में ताले लटके रहने की शिकायतें पशुपालकों ने जनप्रतिनिधियों से की हैं.**

इधर जिम्मेदार ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी दिनेश कुमार साहू इससे बेखर है. केंद्रों पर ताले लटके रहने से पशुपालक पशु नस्ल सुधार प्रशिक्षण , पशुपालन , दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा एव उच्च गुणवत्ता वाले सांडों के सीमेन का उपयोग जैसी विभागीय योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं.

पशुपालक तोरण सिह यादव, अरविंद दांगी, भूरेलाल आदि ने इसकी शिकायत जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिह जाट से की है. इसके अलावा पशुपालकों ने विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मनीष श्रीवास्तव से औचक निरीक्षण करने की मांग की है.

जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिह जाट ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस मुद्दे को जिला पंचायत की बैठक में प्रमुखता से उठाया जाएगा.

# बीएसएनएल के बिल पर 2 .5% 'कट'

## घूस लेते पकडाए इंजीनियरों की पूछताछ में खुलासा

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 29 अगस्त. बीएसएनएल के दो इंजीनियरों की रिश्वतखोरी के मामले में अब सीबीआई की जांच का फोकस सिर्फ ट्रैप तक सीमित नहीं है. जांच एजेंसी यह पता लगा रही है कि ठेकेदारों के बिल पास कराने के लिए रिश्वत का यह रेट केवल एक मामले तक सीमित था या बीएसएनएल के दूसरे ठेकेदार भी इसी तरह की वसूली का सामना कर रहे थे.**

सीबीआई की प्राथमिकी में सामने आया है कि करीब 80 लाख रुपए के लंबित बिल पर 2.5 प्रतिशत के हिसाब से दोनों इंजीनियरों के लिए 2-2 लाख रुपए की मांग की गई थी. यानी कुल 4 लाख रुपए की घूस मांगी गई थी. बाद में दोनों अधिकारियों ने पूरी रकम की जगह 75-75 हजार रुपए की पहली किस्त लेने पर सहमति जताई.

### अब संपति का हिसाब खंगाल रही सीबीआई

रिश्वत के मामले में कार्रवाई के बाद जांच का अगला सिरा दोनों अधिकारियों की संपत्ति तक पहुंच गया है. सीबीआई अब यह जांच कर रही है कि अधिकारियों ने सेवा अवधि के दौरान भोपाल के अलावा अन्य शहरों में कितनी संपत्ति अर्जित की. बैंक खातों और लॉकरों की जांच भी इसी कड़ी का हिस्सा है.

### सीबीआई खंगाल रही बिलों की पूरी चेन

जांच में यह भी महत्वपूर्ण होगा कि जिन बिलों के भुगतान के लिए रिश्वत मांगी गई, उनकी फाइल किस-किस स्तर से होकर गुजरती थी. खरीद आदेश, एसईएस नंबर और भुगतान प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है. एजेंसी अब यह जांच कर रही है कि 2.5 प्रतिशत का यह 'रेट' सिर्फ इस ठेकेदार के लिए था या बीएसएनएल के दूसरे ठेकेदारों से भी इसी तरह रकम वसूली जाती थी.

### 1 सितंबर तक रिमांड पर दोनों आरोपी

बीएसएनएल के चीफ इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) अवनीश कुमार शुक्ला और सुपरिटेंडिंग इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) वीबी चक्रपाणी को गिरफ्तारी के बाद विशेष अदालत में पेश किया गया. अदालत ने दोनों को 1 सितंबर तक सीबीआई रिमांड पर सौंपा. रिमांड के दौरान सीबीआई दोनों से रिश्वत की मांग, बिलों और संपत्तियों से जुड़े मामलों में पूछताछ कर रही है.

# 7-8 सितंबर को भाजपा मुख्यालय जाएंगे अस्थायी कर्मचारी



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 29 अगस्त. प्रदेश के स्कूलों, छात्रावासों, पंचायतों तथा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत अस्थायी और अंशकालीन कर्मचारी न्यूनतम वेतन एवं सेवाओं के नियमितीकरण की मांग को लेकर 7 और 8 सितंबर को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचेंगे.**

अस्थायी आउटसोर्स कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कर्मचारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को वर्ष 2003 से अस्थायी कर्मचारियों के संबंध में किए गए वादों की याद दिलाएंगे. मोर्चा ने शासन द्वारा निर्धारित 12,425 रुपये न्यूनतम वेतन देने की मांग की है और मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना एवं भूख हड़ताल की चेतावनी दी है.कर्मचारी नेताओं के अनुसार वर्ष 2003 में करीब 3,000 रुपये पाने वाले कई अंशकालीन कर्मचारियों को आज भी केवल 4,000 से 5,000 रुपये मासिक मिल रहे हैं.

# बीएचईएल में जलाशय का उद्घाटन



**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 29 अगस्त. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल), भोपाल में जल संरक्षण और संसाधनों के सतत प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 24 लाख लीटर क्षमता वाले नवीनीकृत जलाशय का उद्घाटन शनिवार को किया गया.**

भेल के कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय इस जलाशय का उद्घाटन किया.पुराने एवं क्षतिग्रस्त जलाशय की व्यापक मरम्मत, पुनर्वास और सुदृढ़ीकरण का कार्य एफसीएक्स विभाग द्वारा आधुनिक तकनीक और गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करते हुए किया गया.

परियोजना के माध्यम से जलाशय की संरचनात्मक मजबूती बढ़ाने के साथ ही लंबे समय से चली आ रही जल रिसाव की समस्या का भी सफलतापूर्वक समाधान किया गया. नवीनीकरण के बाद जलाशय की जल भंडारण क्षमता, उपयोगिता और विश्वसनीयता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे जल की बर्बादी कम होगी और संयंत्र परिसर में जल आपूर्ति अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जा सकेगी. समारोह में महाप्रबंधक (एसओएम) राजेश अग्रवाल, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एच. आर. पटेल, महाप्रबंधक (डब्ल्यूईएक्स एवं एमओडी) आशीष औरंगाबादकर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

# आउटसोर्स कर्मियों ने मांगे सुरक्षा उपकरण

## बारिश में बिजलीकर्मियों की सुरक्षा पर सवाल

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 29 अगस्त . मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों में बिजली वितरण कंपनियों के तहत कार्यरत करीब 15 हजार आउटसोर्स तकनीकी कर्मचारियों को बारिश के मौसम में सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराने पर बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन ने चिंता जताई है.**

संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव और महामंत्री दिनेश सिसोदिया ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, प्रमुख सचिव ऊर्जा विभाग सहित तीनों बिजली वितरण कंपनियों के प्रबंध संचालकों को पत्र भेजकर तत्काल रेनकोट और बरसाती जूते उपलब्ध कराने की मांग की है.

भार्गव ने कहा कि लाइन हेल्पर, सब स्टेशन ऑपरेटर, विद्युत सहायक, मीटर रीडर सहित कई कर्मचारी बारिश के दौरान जोखिमपूर्ण विद्युत कार्य करते हैं. इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त सुरक्षा सामग्री नहीं दी जा रही है. उन्होंने प्रत्येक कार्यस्थल पर आसमानी बिजली से बचाव के लिए लाइटनिंग अरेस्टर लगाने की भी मांग की. भार्गव के अनुसार, मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी ने करीब पांच हजार मीटर रीडरों को विद्युत सहायक बनाकर विद्युत लाइनों पर काम लिया जा रहा है, लेकिन उन्हें रेनकोट, बरसाती जूते और अन्य सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि जोखिम भत्ता भी केवल लाइन हेल्परों को दिया जा रहा है.

# बीएचईएल में ब्लॉक-1ए एनेक्सी का नवीनीकरण



**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 29 अगस्त. बीएचईएल भोपाल के एफसीएक्स विभाग द्वारा जर्जर हो चुके ब्लॉक-1ए एनेक्सी का आधुनिक तकनीक और नवीनतम सामग्रियों का उपयोग करते हुए व्यापक नवीनीकरण किया गया है.**

नव-नवीनीकृत भवन का उद्घाटन शनिवार को बीएचईएल के कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय ने किया. इस नवीनीकरण से भवन की उपयोगी आयु बढ़ने के साथ कर्मचारियों को अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध होगा.

आधुनिकीकृत बुनियादी ढांचे और बेहतर कार्यस्थल सुविधाओं से कर्मचारियों की सुरक्षा, कार्यकुशलता और उत्पादकता में भी वृद्धि होने की उम्मीद है.

समारोह में महाप्रबंधक (एसओएम) राजेश अग्रवाल, महाप्रबंधक (फैब्रिकेशन) आलोक सेंगर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एच. आर. पटेल तथा महाप्रबंधक (डब्ल्यूईएक्स एवं एमओडी) आशीष औरंगाबादकर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

यह पहल कार्यस्थल के बुनियादी ढांचे में निरंतर सुधार तथा कर्मचारियों को सुरक्षित, कुशल और अनुकूल कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के प्रति बीएचईएल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

# पत्नी के दूर रहने पर मौसेरे भाई को पीटा

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 अगस्त. थाना स्टेशन बजरिया इलाके में दूसरी पत्नी के घर से दूर रहने पर एक युवक ने अपने मौसेरे भाई की पिटाई कर दी. पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है.**

फरियादी उसमान शेख (34) निवासी मुस्कान टॉकीज के पीछे ने शिकायत दर्ज कराई. उसमान ने पुलिस को बताया कि वह ड्राइवरी करता है. उसकी मौसी का लड़का आमिर, जिसकी दो पत्नियां हैं. आमिर की दूसरी पत्नी उसे छोड़ कर करीबन दो माह से अपने मायके चली गई है. आमिर को उसमान पर शक है कि उसने ही उसकी दूसरी पत्नी को उससे दूर करवा दिया है. इसी बात को लेकर शुक्रवार देर रात आमिर ने उसमान के घर पहुंचकर उसकी पिटाई कर दी.

### शराब के लिए युवक को पीटा

**भोपाल.** गोविंदपुरा इलाके में एक युवक की तीन भाइयों ने मिलकर पिटाई कर दी. आरोप है कि युवक से शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगे गए और युवक ने रुपए देने से इंकार कर दिया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पीड़ित 26 वर्षीय पी. कार्तिक निवासी अन्ना नगर है.

# शिविर में कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

## महापौर ने सोमवार से नाला निर्माण शुरू करने के दिए निर्देश



**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 29 अगस्त. शहर के वार्ड 51 के शाहपुरा सी सेक्टर में शनिवार को जन-कल्याण शिविर आयोजित हुआ. सभी विभागों ने स्टॉल लगाए थे. अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी. साथ ही पात्र लोगों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिलाया.**

शिविर में महापौर मालती राय, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, स्थानीय पार्षद, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे.

शिविर में वार्ड के नागरिकों ने महापौर के सामने नाला निर्माण की मांग रखी. उसके बाद महापौर ने निगम अधिकारियों को नाला निर्माण का काम सोमवार से शुरू करने के निर्देश दिए. कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने क नागरिकों से अपनी कॉलोनियों में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन बनाने की अपील की. बाद में कलेक्टर ने सहकारी उपभोक्ता भंडार का औचक निरीक्षण किया. भंडार में अनियमितताएं मिलीं. उन्होंने सहायक आपूर्ति अधिकारी वसुंधरा पेंडो, वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक सपना गुहा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

### छत से गिरे युवक की इलाज के दौरान मौत

**भोपाल.** छोला मंदिर इलाके में पानी की टंकी साफ करते छत से गिरे युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. जांच अधिकारी प्रेमनारायण गौतम ने बताया कि 32 वर्षीय सौरभ कुरील शिव नगर में रहता था.


एन सी एल NCL
**Northern Coalfields Limited**
(A Miniratna Company)
(A subsidiary of Coal India Limited)

ENGAGEMENT / INTERNSHIP OPPORTUNITIES

1. PRIME MINISTER INTERNSHIP SCHEME (PMIS) - ROUND 2
NCL invites applications for internship opportunities in various technical & non-technical disciplines including Electrical, Mechanical, Civil, Chemistry, Commerce and Pharmacy.

| | |
|---|---|
| Educational Qualifications | Candidates must have one of the following: • Passed High School or Higher Secondary School • Obtained a diploma from a Polytechnic Institute • Pursued or completed undergraduate degrees such as BA, B.Sc., B.Com, BCA, BBA, B.Pharma, B.E./B.Tech, etc. • Pursued or completed postgraduate degrees such as MA, M.Sc., M.Com, MCA, M.Tech, etc. |
| Eligibility Criteria | 18 to 25 years as on the date of submission of application. |
| Application Deadline | 06 September 2026 |
| Apply Online | www.pminternship.mca.gov.in |

2. COMPANY SECRETARY (CS) TRAINEE - 01 POSITION

| | |
|---|---|
| Duration | 21 Months |
| Stipend | ₹22,000/- per month |
| Eligibility | Passed Executive Programme and completed 30 days Executive Development Programme (EDP) from ICSI. |
| Application Deadline | 06 September 2026 |
| Age Restriction | No upper age limit. |
| Leave | Leave shall be regulated as per applicable ICSI guidelines, as amended from time to time. |
| How to Apply | Prescribed application along with self-attested academic documents, EDP Certificate and identity proofs shall be sent by Registered/Speed Post to General Manager (P/HRD), CETI/MDI Campus, Northern Coalfields Limited. |

IMPORTANT : For detailed notification, application format, important dates & terms: www.nclcil.in
R-41 General Manager (P/HRD) | Northern Coalfields Limited



**नाम परिवर्तन**

मैं, रिता तिवारी, योगेश तिवारी की पत्नी, निवासी मकान नंबर 351, कल्पना नगर, बीपीएल, सभी प्रयोजनों के लिए रीता तिवारी के नाम से जानी जाऊंगी।

**NAME CHANGE**

This is to inform the general public that I, Neelesh Gandhi, son of the late Shri Omprakash Gandhi-residing at 62, Surbhi Mohini Homes, near Vidya Sagar Institute, Awadhpuri, Bhopal (M.P.) was formerly known as Neelesh Kumar Henceforth, I should be known and recognized solely by my new name, Neelesh Gandhi.


### चाकू से हमला करने वाले दो गिरफ्तार

**भोपाल.** टीटी नगर पुलिस ने तीन लोगों पर चाकू से हमला करने वाले दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी भाइयों ने अपने मोहल्ले के रहने वाले लोगों से पहले विवाद किया. इसके बाद चाकू से हमला कर फरार हो गए. जानकारी के मुताबिक फरियादी मनोज बिछेले निवासी बाणगंगा ने पुलिस को सूचना दी. मनोज ने पुलिस को बताया कि आरोपी भाई गोलू और अशोक ठाकरे मोहल्ले में गाली-गलौच कर रहे थे. उन्हें रोका गया तो आरोपियों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया. बीच-बचाव करने आए दो और लोगों को भी आरोपियों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया था.

**आयोजन** | नगर के वरिष्ठजनों ने सामूहिक रूप से की पूजा-अर्चना

# भुजरिया पर्व पर मंडीदीप में निकला चल समारोह



**नवभारत न्यूज**

**मंडीदीप, 29 अगस्त.नगर में शनिवार को भुजरिया का पारंपरिक त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. श्री हिन्दू उत्सव समिति की अगुवाई में दोपहर 3 बजे से महिलाएं श्रीराधा कृष्ण मंदिर पर भुजरिया लेकर एकत्रित हुई.**

यहां से ढोल-बाजे के साथ भुजरिया की डलिया सिर पर लिए महिलाएं पारंपरिक गीत गाते हुए चल समारोह में शामिल हुई. सामूहिक पूजन के बाद यह चल समारोह आरंभ हुआ.

चल समारोह में दुलदुल घोड़ी पार्टी के कलाकारों का नृत्य आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा. शाम 6 बजे यह चल समारोह तालाब पहुंचा. यहां नगर के कई क्षेत्रों से भुजरिया लिए महिलाएं एकत्रित हुई. ऐतिहासिक भुजरिया तालाब के किनारे श्री हिन्दू उत्सव समिति और नगर के वरिष्ठजनों ने सामूहिक रूप से भुजरियों की पूजा की. एचईजी कंपनी द्वारा बनाए गए कृत्रिम तालाब में भुजरियों का पारंपरिक विसर्जन किया गया.

भुजरिया तालाब पर पहुंचे सभी वरिष्ठजनों का समिति अध्यक्ष अजीत सिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया. सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष विपिन भार्गव, पूर्व नपाध्यक्ष बद्रीसिंह चौहान, पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेंद्र चौकसे, समाजसेवी जगदीश सोनी, मुरलीधर धर्मवानी, दिलीप जैन, राजेंद्र अग्रवाल, विनोद जैन सहित अनेक लोग उपस्थित थे.


पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank | मंडल कार्यालय, अरेरा हिल्स, भोपाल फोन : 0755-2550020

**मांग सूचना (सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13(2)के अंतर्गत)**

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित उधारकर्ता -श्री प्रफुल्ला चौधरी पुत्र प्रभात चंद जैन ने बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज का भुगतान नहीं किया है और ऋण को गैर-निष्पादित आस्तियाँ (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पतों पर नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन वे बिना तामील हुये वापस आ गए हैं और अत: उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

| ऋणधारी नाम | संपत्तियों का विवरण/बंधक संपत्तियों का पता | सूचना की तिथि | एनपीए की तिथि | बकाया राशि (11.08.2026 के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|
| **श्री प्रफुल्ल चौधरी पुत्र प्रभात चंद जैन** पता: जैन कटपिस मकान नं. 11/जी 6, अंगना परिसर, लखेरापुरा भोपाल 462001 (म.प्र.) | संपत्ति का समस्त हिस्सा फ्लैट नं. जी-06 भूतल, आंगन परिसर, मस्जिद नूरजी बोहरा के पास, लखेरापुरा, तहसील - हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.), क्षेत्रफल-620 वर्ग फुट, सीमाएें : पूर्व में-अन्य संपत्ति, पश्चिम में-फ्लैट नं.जी-05, उत्तर में- अबचक (गली) और अन्य संपत्ति, दक्षिण में -कॉमन स्पेस एवं फ्लैट नं. जी-01 संपत्ति मालिक : श्री प्रफुल्ला चौधरी पुत्र प्रभात चंद जैन | 11-08-2026 | 20-05-2026 | रु. 1070461.62 + अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क आदि |

उपरोक्त उधारकर्ता(ओ) और उनके जमानतदार (ओ) को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, ऐसा न करने पर इस धारा 13 नोटिस वित्तीय परिसंपत्तियों और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की उपधारा 4 की तारीख से 60 दिनों की समाप्ति के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

**दिनांक : 29.08.2026, स्थान : भोपाल** प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक